छोटीसादड़ी। महाविद्यालय में आनंदम दिवस पर छात्र छात्राओं को जानकारी दे दे प्राचार्य जांगिड़ तथा महाविद्यालय में आनंदम दिवस पर मौजूद छात्र छात्राएं। फोटो-पारस जणवा

महाविद्यालय में मनाया आनंदम दिवस

छोटीसादड़ी। राजकीय महाविद्यालय छोटी सादड़ी में शनिवार को आनंदम दिवस मनाया गया। आनंदम कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर प्रवीण कुमार जोशी ने विद्यार्थियों को आनंद प्रोजेक्ट के तहत सामाजिक जनचेतना तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर जोशी ने बताया महाविद्यालय में प्रवेश उपरांत स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को अलग-अलग आनंद ग्रुप में बांट दिया गया। प्रोफेसर जोशी ने बताया कि आनंदम प्रोजेक्ट के कुछ ग्रुप निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। आनंदम निस्वार्थ भाव से किया जाने वाला एक प्रोजेक्ट एवं प्रयास है जो विद्यार्थियों को सामाजिक कार्य करने हेतु तैयार करता है। प्रोफेसर सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को आपातकाल स्थितियों में भी पूर्ण मनोबल तथा तत्काल प्रभाव से सहज रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रोफेसर सुनील कुमार ने अपने व्यक्तिगत जीवन के सामाजिक एवं आपातकालीन अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। आनंदम प्रोजेक्ट के तहत छात्रा चेताली नागौरी ने अपनी टीम द्वारा किए गए अनुभव नवाचार सामाजिक दायित्व का निर्वहन तथा आनंद अनुभूति को विद्यार्थियों के साथ शेयर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि महाविद्यालय स्टाफ एवं आनंद ग्रुप की टीम पूर्ण मेहनत के साथ अपना कार्य कर रही हैं इसके परिणाम धीरे-धीरे महाविद्यालय एवं नगर छोटी सादड़ी के लोगों को दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ के साथ साथ छात्र प्रतिनिधि खुशहाली टेलर, किरण गायरी, अनुबंदना शर्मा, काजल बावरी, रिया, सुमन पाटीदार, आंचल शर्मा, कैलाश कुमावत उपस्थित रहे।

सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्य करने के लिए किया प्रेरित

छोटीसादड़ी: महाविद्यालय में आनंदम दिवस पर मौजूद विद्यार्थी।

आनंदम दिवस मनाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

छोटीसादड़ी. राजकीय महाविद्यालय में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार आनंदम दिवस मनाया गया। आनंदम कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर प्रवीणकुमार जोशी ने विद्यार्थियों को आनंद प्रोजेक्ट के तहत सामाजिक जनचेतना तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। आनंद निस्वार्थ भाव से किया जाने वाला एक प्रोजेक्ट एवं प्रयास है, जो विद्यार्थियों को सामाजिक कार्य करने के लिए तैयार करता है। प्रोफेसर सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को आपातकाल स्थितियों में भी पूर्ण मनोबल तथा तत्काल प्रभाव से सहज रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेरणादाई विचारों से अवगत कराया। आनंदम प्रोजेक्ट के तहत छात्रा चेताली नागौरी ने अपनी टीम द्वारा किए गए अनुभव नवाचार सामाजिक दायित्व का निर्वहन तथा आनंद अनुभूति को विद्यार्थियों के साथ शेयर किया। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि महाविद्यालय स्टाफ एवं आनंद ग्रुप की टीम पूर्ण मेहनत के साथ अपना कार्य कर रही हैं। इसके परिणाम धीरे-धीरे महाविद्यालय एवं नगर छोटी सादड़ी के लोगों को दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान छात्र प्रतिनिधि खुशहाली टेलर, किरण गायरी, अनुबंदना शर्मा, काजल बावरी, रिया, सुमन पाटीदार, आंचल शर्मा, कैलाश कुमावत आदि मौजूद रहे।